



नवभारत
इंदौर, सोमवार, 16 मार्च, 2026



# सेन समाज के सामूहिक विवाह में दूल्हों को मिलेगा हेलमेट

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दिया न्योता, समाजजनों ने जताई खुशी



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में रामनवमी के पावन पर्व पर सर्व सेन समाज का 41वां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यह भव्य आयोजन इस बार सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसमें समाज की ओर से एक अनुकरणीय पहल करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया जाएगा और प्रत्येक दूल्हे को हेलमेट उपहार में दिया जाएगा।

मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान और प्रदेश प्रभारी सचिन वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया। इस दौरान समाजजनों ने मुख्यमंत्री को इस भव्य आयोजन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में ससम्मान निमंत्रण पत्र सौंपा।

**इनकी रही प्रमुख उपस्थिति:** बैठक में ट्रस्ट संरक्षक अशोक राठौर, प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष वर्मा, कैलाश चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान, संभाग अध्यक्ष परमानन्द सेन, ट्रस्ट उपाध्यक्ष सुरेश सोलंकी, ट्रस्ट सदस्य कैलास चौहान, मंदिर व्यवस्थापक देवेंद्र देवड़ा, समिति व्यवस्थापक बाबूलाल वर्मा सिलोदा रावल, पुरुषोत्तम राठौर, नगर अध्यक्ष ओम वर्मा लाहोरी, नगर युवा अध्यक्ष अर्जुन वर्मा, उज्जैन दक्षिण अध्यक्ष सचिन वर्मा, मनोहर परमार, वीरेंद्र परमार, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर वर्मा, समिति कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक सेन, समिति कार्यवाहक अध्यक्ष जगदीश देवड़ा, मदनलाल सोलंकी गिरदावर, ट्रस्ट सचिव राधेश्याम वर्मा (दूध संघ), मनोहर लाल सेन अचलूखेड़ी, भारतलाल परमार चिखली मौजूद रहे।

साथ ही प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष नवीन वर्मा, ट्रस्ट सदस्य प्रवीण भाटी, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, महिला प्रदेश अध्यक्ष स्मिता सोलंकी, नगर अध्यक्ष निशा वर्मा, आर्यन राठौर, ओमप्रकाश भाटी, जगदीश वर्मा सिलोदा, संरक्षक ट्रस्टीगण देवनारायण सोलंकी, मोहनलाल वर्मा, कैलाश वर्मा, सुरेश वर्मा, शंकरलाल परमार, ट्रस्ट महासचिव मूलचंद वर्मा, अशोक भाटी, ईश्वर भाटी, रतनलाल भाटी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार देवेंद्र देवड़ा ने माना।

### शेष नारायण मंदिर में बैठक, आयोजन को लेकर उत्साह

आयोजन की तैयारियों और मुख्यमंत्री को निमंत्रण देने के पश्चात 51 ढाबा रोड स्थित शेषनारायण मंदिर पर समाजजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के लोगों ने भारी उत्साह और हर्ष व्यक्त किया।

# चेन्नई में गूंजा उज्जैन का नाम, राष्ट्रीय युवा उत्सव में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

- 142 विश्वविद्यालयों के बीच छात्रों ने दिखाई प्रतिभा
- रंगोली में मयंक और मिमिक्री में मंदाकिनी को मिला देशभर में दूसरा स्थान
- कोलाज में रवीना रहीं पांचवें नंबर पर

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम देशभर में गौरवान्वित किया है। चेन्नई के सत्यभामा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज एआईयू के सहयोग से आयोजित इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव कलई सारल अर्थात कला की शीतल वर्षा में देश के 142 विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**इन विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन:** विभिन्न श्रेणियों में हुए कड़े मुकाबले में विश्वविद्यालय के छात्र मयंक परमार ने रंगोली और छात्रा मंदाकिनी शर्मा ने मिमिक्री में देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। वहीं, रवीना राठौर ने कोलाज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल कर अपने हुनर का लोहा मनवाया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दल प्रबंधक द्वारिका प्रसाद जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को सतत सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### कुलगुरु और अधिकारियों ने दी बधाई

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन उनकी कलात्मक क्षमता और समर्पण का प्रमाण है। यह जीत न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला का लोहा मनवाया है, विश्वविद्यालय प्रशासन इन मेधावी छात्रों को हमेशा हरसंभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। वहीं, विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एस के मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और हुनर ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

## एक नजर में

### सेवा कार्यों के लिए मंजू मंडलोई सहित अन्य महिलाएं सम्मानित

**इंदौर.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में टैगोर मार्ग स्थित हिंदी साहित्य समिति के सभागृह में नर्मदा गजानन सिद्धपीठम बहुउद्देशीय सेवा फाउंडेशन द्वारा विधायक मालिनी गौड़ के मुख्य आतिथ्य एवं केन्द्रीय जेल इंदौर की अधीक्षक अलका सोनकर के विशेष आतिथ्य में वरिष्ठ समाजसेवी तथा ग्रामीण क्षेत्र और विभिन्न बस्तियों में श्रेष्ठ सेवा कार्य करने पर मंजू मंडलोई को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर लाईफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम आयोजक डॉ. धीरज, संस्थापक एम स्वामी कामले ने बताया कि इस अवसर पर मंडलोई के अलावा शालिनी शर्मा, मोनिका शर्मा, अंतरा करवड़े, शीतल राय, सोनाली यादव, डॉ. पूर्वी निमगांवकर, नगीना यादव एवं सुषमा दुबे को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया. विधायक मालिनी गौड़ और सोनकर ने सभी सेवाभावी महिलाओं के प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि मातृशक्ति के बिना परिवार, समाज और राष्ट्र का कोई भी कार्य करना संभव नहीं है.

### पानी बचाने की ली शपथ

**इंदौर.** शिवम पुरी कॉलोनी मंदिर समिति द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समिति के आयोजक मुकेश मेहता, वीरेंद्र हार्डीया, कमलेश हार्डीया, वीना सक्सेना सुनील गलानी ने बताया कि इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें फूलों की रंगोली खेल कर पानी बचाने की शपथ ली गई, एवं आपसी सद्भाव और भाईचारे का परिचय दिया गया. कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा पारंपरिक लोकगीत, लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं अनेक रंगारंग कार्यक्रम मैं बच्चों और सभी उम्र के व्यक्तियों ने भागीदारी निभाई. महिला दिवस के अवसर पर समस्त मातृशक्ति का सम्मान भी समिति द्वारा किया गया एवं पारंपरिक गुजिया और मिठाई के साथ भोजन की व्यवस्था की गई.

### ऊर्जा बचाने वाले उत्पाद के लिए कर रहे नवाचार

**इंदौर.** डाइकिन एयरकंडीशनिंग इंडिया ने वर्ष 2026 के लिए अपने नए ऊर्जा-दक्ष रूम एयर कंडीशनर्स और एआई आधारित वीआरवी अल्फा सीरीज पेश की है. यह नई रेंज बेहतर कूलिंग, स्मार्ट तकनीक और बिजली की अधिक बचत के उद्देश्य से पेश की गई है. खासतौर पर 5-स्टार इन्वर्टर मॉडल्स कम शोर, तेज कूलिंग और अधिक ऊर्जा बचत के लिए डिजाइन किए गए हैं. इस अवसर पर नार्थ के वीपी शिव कुमार ने कहा कि कंपनी भारतीय ग्राहकों को विश्वस्तरीय, भरोसेमंद और ऊर्जा बचाने वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार नवाचार कर रही है. 60 से अधिक मॉडलों वाली 2026 की नई रेंज जापानी तकनीक और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है. उन्होंने बताया कि डाइकिन भारत में तेजी से विस्तार कर रही है. कंपनी का टर्नओवर करीब 150 करोड़ डॉलर है और अब तक भारत में लगभग 2800 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है. नीमराना और श्रीसिटी में कंपनी की अत्याधुनिक फैक्ट्रियां संचालित हैं तथा देश में तीन अनुसंधान एवं विकास केंद्र भी कार्यरत हैं.

### आईआईएमयूएन इंदौर सम्मेलन 17-19 अप्रैल को

**इंदौर.** युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संवाद और वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईएमयूएन इंदौर 2026 का आयोजन द मिलेनियम स्कूल, इंदौर द्वारा 17 से 19 अप्रैल तक किया जाएगा. तीन दिवसीय इस सम्मेलन में विद्यार्थियों को मॉडल यूनाइटेड नेशंस सिमुलेशन के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने तथा ग्लोकल नागरिकता की अवधारणा को समझने का अवसर मिलेगा. सम्मेलन का शुभारंभ 17 अप्रैल को शाम 4 बजे उद्घाटन समारोह के साथ होगा. 18 अप्रैल को दिन की शुरुआत योग सत्र से होगी, जिसके बाद विभिन्न समितियों के सत्र आयोजित किए जाएंगे. 19 अप्रैल को समिति सत्र जारी रहेंगे और अंत में शाम 4 बजे समापन समारोह के साथ सम्मेलन का औपचारिक समापन होगा. सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर विभिन्न समितियों में चर्चा की जाएगी. एमपीएलए समिति में फसल विविधीकरण, सिंचाई विस्तार और किसानों के ऋण राहत पर विचार किया जाएगा. नीति आयोग समिति में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी.

### मेदांता में एक्सपर्टाइज़ थैलेसीमिया व अप्लास्टिक एनीमिया के लिए

**इंदौर.** गुरुग्राम की मेदांता- द मेडिसिटी, थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज़ों के लिए खास इलाज तक पहुंच को बेहतर बनाने के मकसद से जबलपुर में एक खास आउटरीच पहल शुरू करके, जटिल ब्लड डिसऑर्डर की देखभाल को आगे बढ़ाने के अपने मकसद को और मज़बूत किया. मेदांता गुरुग्राम में मेडिकल ऑन्कोलॉजी और पीडियाट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सीनियर डायरेक्टर डॉ. सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में, इस सेशन का फोकस बच्चों में ब्लड डिसऑर्डर के मैनेजमेंट में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की बदलाव लाने वाली और जान बचाने वाली क्षमता के बारे में पीडियाट्रिशियन, मेडिकल स्टूडेंट, युवा डॉक्टर और फिजीशियन को जागरूक करना था. मेदांता गुरुग्राम में मेडिकल ऑन्कोलॉजी और पीडियाट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सीनियर डायरेक्टर, डॉ. सत्य प्रकाश यादव ने कहा थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया जैसे ब्लड डिसऑर्डर सिर्फ़ मेडिकल चुनौतियाँ ही नहीं हैं, बल्कि वे प्रभावित परिवारों पर काफ़ी इमोशनल और फ़ाइनेंशियल दबाव भी डालते हैं.

### योगेश देशपांडे मुख्यधारा की हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री में प्रवेश कर रहे

**इंदौर.** विज्ञापन और क्षेत्रीय फ़िल्म उद्योग में एक मज़बूत रचनात्मक आधार स्थापित करने के बाद, फ़िल्म निर्माता योगेश देशपांडे अब अपनी आगामी फ़िल्म के माध्यम से मुख्यधारा की हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए तैयार हैं. विज्ञापन कला और सांस्कृतिक कहानी कहने की शैली का समन्वय करने वाला यह प्रोजेक्ट उनके करियर का एक महत्वपूर्ण नया अध्याय है. वर्तमान में यह प्रोजेक्ट प्री-प्रोडक्शन चरण में है और आने वाले कुछ महीनों में इसकी शूटिंग शुरू होने की संभावना है. अपने सफ़र और मुख्यधारा हिंदी सिनेमा में प्रवेश के बारे में बात करते हुए, योगेश देशपांडे ने कहा विज्ञापन से फ़िल्म निर्माण तक का मेरा सफ़र सदैव इस विश्वास से प्रेरित रहा है कि कहानियाँ भावनात्मक रूप से सच्ची और सांस्कृतिक रूप से जुड़ी हुई होनी चाहिए प्रत्येक परियोजना ने मुझे यह समझने में सहायता की है कि व्यक्तिगत कथाएँ व्यापक दर्शकों के साथ कितनी गहराई से जुड़ सकती हैं. मुख्यधारा के हिंदी सिनेमा में आना मेरे उस सफ़र का स्वाभाविक विस्तार प्रतीत होता है- ऐसी कहानियाँ कहने का अवसर, जो एक ओर अंतरंग हों और दूसरी ओर सार्वभौमिक भी.

# अखिल भारतीय चंद्रवंशीय बागरी समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक

- समाज को मजबूत करने के मुद्दों पर हुई चर्चा
- संगठन विस्तार, समाज की जनगणना और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर हुआ विचार-विमर्श

उज्जैन। नरसिंह घाट स्थित चंद्रवंशीय बागरी समाज धर्मशाला में अखिल भारतीय चंद्रवंशीय बागरी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। बैठक प्रारंभ होने से पहले प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सिसोदिया के नेतृत्व में राधा-कृष्ण मंदिर में माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात औपचारिक रूप से बैठक की शुरुआत हुई। बागरी युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र बागरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज को संगठित और मजबूत बनाने के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने, राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक सशक्त सामाजिक संगठन बनाए जाने, तथा जिलेवार बागरी समाज की जनगणना कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज को मजबूत करने के लिए गांव-गांव तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही आगामी समय में धार्मिक नगरी उज्जैन में बागरी समाज की भव्य रैली निकालने का भी प्रस्ताव रखा गया, जिससे समाज में एकता और संगठन को नई मजबूती मिल सके।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बागरी समाज को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर सशक्त बनाना तथा समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़कर उनके हितों की प्रभावी रूप से आवाज उठाना रहा। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सिसोदिया ने संबोधित करते हुए कहां की आज पूरे मध्य प्रदेश से पदाधिकारी एकत्रित हुए हैं इसी प्रकार पूरे प्रदेश में समाज को एकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर कार्य करेगा तो हर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकेगा। युवाओं को समाज के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया और कहा कि आज के युवा सोशल मीडिया के माध्यम से भी समाज में एकता और जागरूकता का सकारात्मक संदेश दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने धर्मशाला को लेकर नगर निगम द्वारा पूर्व में दिए गए नोटिस और उस पर की गई कार्रवाई को लेकर समाज में आक्रोश होने की बात कही। उन्होंने कहा कि शाम को नोटिस दिया गया और सुबह ही नगर निगम द्वारा कार्रवाई कर दी गई, जो पूरी तरह अनुचित है। इस मामले को लेकर समाज के लोग जल्द ही एकजुट होकर मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी हेमराज सिंह सुमन, शंभुलाल राजगुरु, प्रदेशवपदाधिकारी राजेश तंवर, कमल चौहान, अमृत राम परमार, गंगाराम यादव, अमर सिंह परमार, मुरली सोलंकी आदि सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे।

# नागदा के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के 34वें वार्षिकोत्सव की पूर्णाहुति

**नागदा।** श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के संस्थापक रामचन्द्र रघुवंशी द्वारा निर्मित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के 34वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर रघुवंशी के पुत्र व श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के संचालक व ग्रेसिम मजदूर संघ इन्टक के प्रधानमंत्री जितेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि नागदा शहर में मानव मात्र के कल्याणार्थ समाज सुधारक संत कृष्णानंद सरस्वती एवं कौशिक महाराज के आशीर्वाद से जप-तप यज्ञ अनुष्ठान प्रकाण्ड पं. अरविन्द भारद्वाज, कमलेश ब्रजवासी, राजेश ज्ञानी, अजय व्यास, जितेन्द्र त्रिवेदी, नरेन्द्र शर्मा और अन्य विद्वानों के सानिध्य में 13 मार्च शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर उक्त आहुत में सवा लाख मंत्रों की पूर्णाहुति की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्रेसिम से भरत सिंह राठौड़ आईआर, सुरेन्द्र मीणा, ग्रेसिम केमिकल डिवीजन के विनोद कुमार मिश्रा एचआर, सागर खड्डा, धीरज यादव, गुलब्राण्डसन केमिकल से प्रेसिडेन्ट राजीव पाठक, मुकेश नागर एचआर सहित नगर के गणमान्य नागरिक, यज्ञ एवं पूर्णाहुति में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।

# पंचक्रोशी यात्रा की धर्म गंगा महिदपुर में



**महिदपुर।** धर्म, आस्था एवं भक्ति की परंपरा ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व का स्थान मेलेश्वर महादेव की पंच दिवसीय यात्रा का नगर में आगमन हुआ।

इसके पूर्व सुबह 7 बजे ग्राम धुलेट में धूर्जटेश्वर महादेव की पूजन अर्चन अभिषेक कर श्रद्धालु भक्त नर नारी भजन कीर्तन गाते हुए ग्राम कढ़ाई रिद्धि सिद्धि के दाता चिंतामणि गणेश मन्दिर पहुंची। यहां श्री श्री विग्रह का दर्शन पूजन किया चिंतामन गणेश समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार एवं उमरिया ग्राम के श्रद्धालुओं ने उष्ण पेय का आयोजन रखा। वहां से पूजन अर्चन कर प्रात: 10 बजे नगर में प्रवेश किया यहां के धार्मिक स्थान का दर्शन करते हुए अपरान्ह 11.30 बजे कोल्हापुर की देवी महालक्ष्मी मंदिर पहुंचे। जहां समाजसेवी विजय सिंह गौतम ने परम पूज्य सन्त महावीर आमेटा एवं पुजारी दीपक घंटे का पुष्प मालाओं से स्वागत कर यात्रा में शामिल सभी लोगों का पुष्प वर्षा कर उनका भी स्वागत किया। वहीं पंडित पद्माकर पाध्ये एवं भरत लाल शर्मा के आचार्यत्व में देवी का षोडशोपचार पूजा श्री सूक्त का अभिषेक कर महा आरती की गई। यात्रा में नर नारी ढोल की थाप पर भजन गाते हुए नृत्य करते हुए आनंद उत्सव मना रहे थे। दोपहर 2 बजे देवी महालक्ष्मी की महा आरती कर यात्रा ने ग्राम भीमा खेड़ा की ओर प्रस्थान किया काजी खेड़ी होते हुए बैजनाथ महादेव पहुंची। जहां यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ आज श्री बैजनाथ महादेव का पूजन अर्चन अभिषेक कर यात्रा प्रस्थान करेगी।

### 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

# यात्रियों की खोई नकदी लौटाने वाले कर्मचारियों का माधव सेवा न्यास ने किया सम्मान

**उज्जैन।** माधव सेवा न्यास द्वारा महाकालेश्वर भक्त निवास में कार्यरत कर्मचारियों और उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. लाल पैथोलॉजी के विशेष सहयोग से आयोजित इस शिविर में करीब 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। इस आयोजन के दौरान स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ एक सम्मान समारोह भी रखा गया, जिसमें ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले दो कर्मचारियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया।




**ईमानदारी की पेश की मिसाल:** कार्यक्रम के दौरान न्यास में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड संजय सिसोदिया और अटेंडर युवराज टॉक का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से सम्मान किया गया। दरअसल, इन दोनों कर्मचारियों को न्यास परिसर में कुछ यात्रियों की खोई हुई नकद राशि पड़ी मिली थी। किसी भी लालच में आए बिना, दोनों ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए पूरी राशि तुरंत न्यास कार्यालय में जमा करवा दी थी। बाद में कार्यालय के माध्यम से यह राशि सुरक्षित रूप से संबंधित यात्रियों को सौंप दी गई। कर्मचारियों की इसी कर्त्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी को सराहने के लिए न्यास ने मंच से उनका बहुमान किया।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस गरिमामय कार्यक्रम में माधव सेवा न्यास के अध्यक्ष बलराज भट्ट, कोषाध्यक्ष राजेश पाटीदार, न्यासी गोविंद शर्मा और प्रदीप अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संचालन न्यासी सदस्य रितेश सोनी ने किया, जबकि अंत में आभार न्यास के महाप्रबंधक विजय आंजना ने माना। इस अवसर पर न्यास के सभी अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**एक नजर** — माधव सेवा न्यास में विदाई और सम्मान समारोह का संगम

# 11 वर्ष सेवाएं देने वाले निरीक्षक हरीश शर्मा रिटायर्ड, द्रोणाचार्य अवार्डी मालवीय का बहुमान

- मलखंभ फेडरेशन की एडहॉक कमेटी में योगेश मालवीय के चयन पर न्यास में उत्साह
- ध्यान केंद्र में अध्यक्ष बलराज भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ गरिमामय समारोह

**उज्जैन। माधव सेवा न्यास में शनिवार का दिन भावुकता और उत्साह का मिला-जुला दिन रहा। न्यास के ध्यान केंद्र में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में जहां महाकालेश्वर भक्त निवास में 11 वर्षों से सेवाएं दे रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता को भावभीनी विदाई दी गई, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार द्वारा अहम जिम्मेदारी मिलने पर न्यास के मलखंभ प्रशिक्षक का सम्मान किया गया।**

**11 वर्षों के समर्पित कार्यकाल के बाद निरीक्षक शर्मा की विदाई:** न्यास के सचिव नितिन



गरुड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि महाकालेश्वर भक्त निवास की स्थापना के समय से ही हरीश शर्मा विभिन्न दायित्वों पर अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे थे। विगत 11 वर्षों में भक्त निवास की प्रगति में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। वे अपने कार्यकाल के 11वें वर्ष में निरीक्षक के दायित्व से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर आयोजित बिदाई समारोह में न्यासीगणों ने श्री शर्मा का आत्मीय सम्मान किया। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने भी न्यास से जुड़े अपने 11 सालों के संस्मरण और अनुभव सभी के साथ साझा किए।

**खेल मंत्रालय की समिति में मालवीय का चयन, न्यास ने किया सम्मानित:** समारोह के दूसरे चरण में न्यास के मलखंभ योग प्रशिक्षक योगेश मालवीय के सम्मान से उत्साह का वातावरण छा गया। हाल ही में भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा उन्हें मलखंभ फेडरेशन की दो सदस्यीय एडहॉक कमेटी में शामिल किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर न्यासीगणों ने उनका बहुमान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि योगेश मालवीय को सरकार द्वारा %द्रोणाचार्य अवार्ड% से भी सम्मानित किया जा चुका है। माधव सेवा न्यास के मलखंभ प्रशिक्षक के रूप में आपने अनेक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक विशेष पहचान दिलाई है।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता माधव सेवा न्यास के अध्यक्ष बलराज भट्ट ने की। समारोह का सफल संचालन रितेश सोनी ने किया, जबकि आभार न्यास के महाप्रबंधक विजय आंजना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर न्यास के प्रदीप अग्रवाल, गोविंद शर्मा, राजेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व उनके परिजन उपस्थित रहे।